**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रिपटा निवास में हेलीपैड का निरीक्षण किया



**मण्डला।** सांसद मंडला फग्गन सिंह कुलस्ते निवासी ग्राम जेवरा रिपटा विकासखंड निवास जिला मंडला के परिवार में 28 नवंबर 2024 को विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत आर्शीवाद समारोह एवं प्रतिभोज का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त कार्यक्रमों में माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री और माननीय अध्यक्ष की आने की संभावना है। जिनके आवागमन को लेकर ग्राम रिपटा जेवरा में पाँच हेलीपेड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा शनिवार को ग्राम रिपटा जेवरा जाकर हेलीपेड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हेलीपेड का निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाए। हेलीपेड में बेरीकेट सहित आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जाए। हेलीपेड निर्माण का कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री लगातार अपने निगरानी में करें। उन्होंने हेलीपेड स्थल से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग भी दुरूस्त करने को कहा। जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने हेलीपेड स्थल और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के भी प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम निवास शाहिद खान, तहसीलदार श्री मरावी सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पिपरिया में 42 लाख 53 हजार की लागत से बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ग्राम पंचायत पिपरिया विकासखंड निवास में 42 लाख 53 हजार की लागत से निर्माण किए गए अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत पिपरिया में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक किया गया है। अमृत सरोवर में अधिक मात्रा में जल संचय करने के लिए गहरीकरण करने और ओवरफ्लो की ऊँचाई बढ़ाने को कहा गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अमृत सरोवर से बहते हुए जल को रोकने के निर्देश दिए। जिससे अमृत सरोवर में जल संचय करके रखा जा सके। उन्होंने अमृत सरोवर के आसपास एवं मेढ़ पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर में मछली पालन का व्यवसाय भी करने को कहा। जिससे मछली पालन करने वाले व्यक्ति का समूह को लाभ हो सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर जिले में रबी फसल की बुआई और उर्वरक की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली।

## आखिर कहां से आता है यह जहर

# ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मंडला पुलिस ने की कार्यवाही

**मण्डला।** जिले में नशे का कारोबार पिछले काफी समय से जारी है यही कारण है कि पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया हुआ है और इसका असर भी दिखाई दे रहा है। पुलिस द्वारा इस तरह के व्यापार में लगे आरोपियों को गिरफ्तार कर इस कारोबार पर रोक लगाने का प्रयास तो किया जा रहा है लेकिन जिन छोटे आरोपियों को पकड़ा जाता है क्या उनसे यह जानकारी नहीं मिलती कि यह धीमा जहर उनके पास आखिर पहुंचा किसके माध्यम से। वह कौन है जो पूरे जिले में इस तरह के जहर का कारोबार कर रहा है और उसके पास भी कहां से ब्राउन शुगर, कोकीन, अफीम और भी न जाने कितने तरह के ये जहर आ रहे हैं। यह कड़ी कोन सी है जिसके माध्यम से युवाओं का भविष्य तो बर्बाद किया ही जा रहा है साथ ही परिवार भी उजड़ते जा रहे हैं यह तो सीधी सी बात है कि जो आरोपी 6 ग्राम ब्राउन शुगर रखे हुये मण्डला नगर में पकड़ाया वह 6 ग्राम ब्राउन शुगर महानगरों से तो लेकर आया नहीं होगा निश्चित रूप से स्थानीय कोई व्यक्ति होगा या कोई गिरोह होगा जिससे लेकर वह इसका सेवन करने वालों तक पहुंचाने की कड़ी का काम कर रहा होगा और जो गिरोह या जो व्यक्ति है उसके पास यह नशा कहां से और किस माध्यम से पहुंचता है पुलिस को इस पर गंभीरता से काम करना होगा तभी कहीं जाकर ऑपरेशन क्लीन स्वीप का उद्‌देश्य सार्थक होगा।

आपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मंडला पुलिस द्वारा पुरे जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देशों के तारतम्य में थाना कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे प्राप्त सूचना पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । थाना कोतवाली टीम को दिनांक 15.11.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजा उर्फ चप्पू बंजारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक(ब्राउन सुगर) लेकर बेचने के लिये पशु चिकित्सालय, तिलक वार्ड मंडला के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पशु चिकित्सालय के पास तिलक वार्ड मंडला पहुँच आरोपी की घेराबंदी कर नियमानुसार तलाशी लेकर उनके कब्जे से अवैध



मादक पदार्थ ₹ब्राउन शुगर₹ कुल 6.81 ग्राम (कीमत लगभग 20 हजार रू) जप्त कर गिरफ्तार किया जाकर आरोपी राजा उर्फ चप्पू बंजारा पिता स्व0 भद्दू बंजारा निवासी तिलक वार्ड मंडला के विरूद्ध थाना कोतवाली मंडला में एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपी पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा हैं व आरोपी के विरूद्ध विभिन्न 07 अपराध पंजीबद्ध हैं जिसमें एनडीपीएस की धाराओं में 03 अपराध, सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत 02, आर्म्स एक्ट व चोरी की धारा में अपराध हैं। उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान की टीम जिसमें उप निरीक्षक प्रीति वर्मा, योगेश पाटीदार, सउनि भुवनेश्वर वामनकर, प्रआर. पूरन इडपाचे, आरक्षक अमित गरयार, रमेश सिंगरोरे, सुन्दर भलावी, रामचंद्र, मधुर शामिल रहें की विशेष भूमिका रहीं।

### आरोपी के कब्जे से 510 ग्राम गांजा जब्त किया -

दिनांक 15.11.24 को थाना नैनपुर पुलिस द्वारा मुखबिर से सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी अशोक विश्वकर्मा निवासी सर्रा पिपरिया जो अवैध मादक पदार्थ गांजा की पुड़िया लेकर बेचने के लिये पंचायत भवन के पास सर्रा पिपरिया में खड़ा था पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 510 ग्राम (कीमत लगभग 12 हजार 500 रू) का जप्त किया गया। आरोपी अशोक विश्वकर्मा पिता पतिराम विश्वकर्मा निवासी सर्रा पिपरिया वार्ड नंबर 03 थाना नैनपुर जिला मंडला के विरूद्ध थाना नैनपुर में अपराध क्रमांक 480/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेवसिंह मुजाल्दा की टीम जिसमें उप निरीक्षक विनोद साव, उप निरी.निधी नेमा,सउनि राजेश सेवईवार आर. अक्षय भलावी, नवीन , पैयंत, मुकेश रहंगडाले,आरक्षक चालक रणजीत , महिला आर.रीता शामिल रहें की विशेष भूमिका रहीं।





### खुटापड़ाव में पुलिस ने आरोपी के बाड़ी से गांजा के पौधे किये जब्त -

दिनांक 15/11/2024 को प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा ग्राम खूटापड़ाव के पास बनी झोपड़ी के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से लाभ अर्जित करने के लिये मादक पदार्थ गांजा के पौधों की खेती कर रहें व्यक्ति से झोपड़ी के पीछे बाडी मे राहर के पौधो के बीच गांजे के छोटे बडे कुल 09 नग पौधे, जिनकी लम्बाई 02 फीट से 05 फीट तक है जिनका कुल वजन 0.685 किलोग्राम (गीला नमीयुक्त) जप्त कर थाना बीजाडांडी में आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार, उनि पंकज विश्वकर्मा, प्र.आर. रवीन्द्र मरावी , आर. रोहित सिंगौर, आर. नीरज बाकले, आर. रोहित कुमार कुशवाहा, आर. संदीप मेवाडा, आर. देवेन्द्र धुर्वे, आर. आलोक मरावी, चा.आर. विजय छिरा, म.आर. सौदामीनि लोधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दिव्यांगजनों के लिए रोटरी युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम 'रायला' का शुभारंभ

**मण्डला।** रोटरी युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम रायला का शुभारम्भ रोटरी क्लब मंडला मेकल के संयोजन में स्थानीय होटल में कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, रॉयला कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व निशक्तजन आयुक्त बलदीप सिंह मैनी,पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रंजीत सिंह सैनी ,जबलपुर रोटरी क्लब प्रेसिडेंट लकी अरोरा, सेक्रेटरी दीप मुखर्जी एवं काउंसलर ऐंड मोटीवेटर संजय चौबे के विशिष्ट आथित्य में हुआ। राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में रोटरी क्लब मंडला 2024-25 प्रेसिडेंट गीता काल्पीवार एवं सेक्रेटरी प्रसन्न सराफ को कॉलर पहनकर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत मंडला ने पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर राजा शुक्ला, राजकुमार जैन, अभिषेक बाजपेई एवं शक्ति क्षेतीजा को पिन पहनाकर कलेक्टर मंडला ने सदस्यता दिलाई। रॉयला के उद्देश्य एवं रोटरी क्लब मंडला के कार्यों के विषय में जस्टिस तन्खा स्कूल सेक्रेटरी संजय तिवारी ने अवगत कराया।



इस अवसर पर जेटीएमआरआई जबलपुर के मुंह बधिर विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय विद्यालय बबलिया की छात्रा आंचल परस्ते एवं भीम डोंगरी की छात्रा द्रौपदी धुर्वे ने दिव्यांग होने के बावजूद भी अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित किया जिसे कलेक्टर ने सराहा। स्वागत उद्बोधन गीता काल्पीवार प्रेसिडेंट रोटरी क्लब मेकल द्वारा दिया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगता हमारी कमजोरी नहीं बल्कि इसे हमें अपनी ताकत बनाना चाहिए, ऐसे बच्चे विशेष योग्यता प्राप्त बच्चे कहलाते हैं, फिल्म श्रीकांत का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि दिव्यांगता जीवन में आगे बढ़ने से हमें नहीं रोक सकती, हमें हमेशा पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर जेटीएमआरआई जनरल सेक्रेटरी बलदीप सिंह मैनी ने रोटरी सदस्यों का मोटिवेशन किया तथा रायला के माध्यम से किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रंजीत सिंह सैनी ने रायला को निशक्त बच्चों के विकास के लिए नींव का पत्थर बताया, अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, आभार रोटरी क्लब मण्डला सेक्रेटरी प्रसन्न सराफ ने व्यक्त किया ।संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय के द्वारा किया गया।

रायला के इस आयोजन में भोपाल,बिलासपुर, जबलपुर और मंडला के दिव्यांग छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं। 16 एवं 17 नवंबर दो दिवसीय इस आयोजन में नेतृत्व विकास, प्रोबलम सॉल्विंग विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मुंबई से विशेष रूप से आमंत्रित संजय चौबे ने इस आयोजन में नेतृत्व विकास की विविध विधाओं के विषय में दिव्यांग जनों को अवगत कराया ।आयोजन में रोटरी प्रेसिडेंट गीता काल्पीवार, सेक्रेटरी प्रसन्न सराफ,जस्टिस तन्खा स्कूल सेक्रेटरी संजय तिवारी, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय खोत, सुदीप चौरसिया, डॉ राजेश चौरसिया,डॉ विजेंद्र चौरसिया, सुरेश चौधरी, अविनाश गोयल, डॉ उपेंद्र शुक्ला, आशीष सेठ,साधना दुबे, डॉ सालोमन भिंगारदिवे, डॉ रुबीना भिंगारदिवे, दिलीप तिवारी, पंकज मोदी,राजेंद्र सोनी, मृदुला काल्पीवार, डीके सिंगौर, मुकेश जैन,कपिल वर्मा के अलावा रायपुर, बिलासपुर, बालाघाट जबलपुर के रोटेरियन सम्मिलित हुए।

## पीएम श्री स्कूल में शिक्षक की कमी, अभिभावकों में रोष

मण्डला




सरकार शासकीय स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए नई-नई योजनाओं का एलान भी किया जा रहा है। पीएम श्री स्कूल, सीएम राइज स्कूल, मॉडल स्कूल जैसी योजनाओं के तहत बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का वादा किया गया था। लेकिन, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण ये योजनाएं विफल होती दिखाई दे रही हैं। इसके परिणामस्वरूप, मण्डला जिले के पीएम श्री स्कूल, सेमरखापा के छात्रों के अभिभावकों में भारी रोष देखा जा रहा है।

शासन ने कुछ स्कूलों को विशेष रूप से पीएम श्री स्कूल का दर्जा दिया था, ताकि वहां के बच्चे अन्य स्कूलों के मुकाबले अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही ने इन स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर दिया है। वर्तमान में, सेमरखापा में पीएम श्री हाईस्कूल के छात्रों को शिक्षकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। गणित और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक, जिनकी यहां विशेष जरूरत थी, उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई में गड़बड़ी उत्पन्न हो गई है और बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के शिक्षकों की कमी के कारण उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। गणित, हिंदी और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक न होने से बच्चों को कठिनाई हो रही है। प्राचार्य ने भी इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की और बताया कि उन्होंने सहायक आयुक्त को शिक्षकों की मांग पत्र लिखे थे, लेकिन एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद शिक्षक नियुक्त नहीं की गयी है। अभिभावकों ने कहा कि अगर शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की जाती है, तो उन्हें मजबूर होकर आंदोलन करना पड़ेगा या बच्चों के नाम काटकर अन्य स्कूलों में दाखिला करवाना पड़ेगा। इस संदर्भ में, अभिभावकों ने मीडिया से भी अपनी चिंता साझा की। उनका कहना है कि अगर यह स्थिति बनी रही तो उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। स्कूल में विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर प्रभावित हो रहा है और शिक्षा का उद्देश्य ही विफल हो रहा है।

सभी जानते हैं कि शिक्षा का क्षेत्र किसी भी समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। खासकर जब बात सरकारी स्कूलों के बच्चों की हो, जिनके पास निजी स्कूलों का विकल्प नहीं होता। ऐसे में, सरकार और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। लेकिन अफसोस की बात है कि विभागीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

बच्चों के अभिभावकों ने अब तक कई बार अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को उठाया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। विभागीय अधिकारियों के असंवेदनशील रवैये के कारण अभिभावकों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति जिले के विकास के लिए चिंताजनक है, क्योंकि जब बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है, तो समाज का भविष्य भी संकट में पड़ता है।

दूसरी ओर, जिला प्रशासन और अन्य जनप्रतिनिधियों की चुप्पी सवालों के घेरे में है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कब गंभीर कदम उठाएगा और बच्चों को सही शिक्षा का अवसर देने के लिए क्या ठोस प्रयास किए जाएंगे। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं होता, तो यह निश्चित रूप से न केवल प्रशासन की असफलता का प्रतीक बनेगा, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति विश्वास को भी नुकसान पहुंचाएगा।

### इनका कहना है -

विडंबना है कि एक ओर जहां शासन प्रशासन देश की भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए जितने प्रयास करती है उस पर जिले में पदस्थ दबंग अफसर पानी फेरने से बाज नहीं आ रहे हैं।सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तथा प्रदेश मंत्री संपतिया उइके को तत्काल संज्ञान लेकर बच्चों की शिक्षा में उपस्थित अवरोध को दूर करना चाहिए।

**हनुमान तिवारी**
**वरिष्ठ पत्रकार, मण्डला**

## दिव्यांगता बेटियों के लिए कमजोरी नहीं बल्कि उनकी ताकत बनेगी-कलेक्टर



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगता हमारी बेटियों के लिए उनकी कमजोरी नही बल्कि उनकी ताकत बनेगी। हमारी बेटियाँ असहाय होने के बावजूद भी सक्षम व्यक्तियों की तरह कार्य करने का साहस रखती हैं। बेटियाँ अपने जीवन की उड़ान उड़ें और अपनी मंजिल को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से हमारी इन बेटियों को उचित अवसर मिल रहा है जिससे हमारी यह बेटियाँ भी आगे बढ़ सकें। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा शनिवार को होटल नर्मदा इन में विशेष बच्चों के समग्र विकास हेतु रोटरी क्लब की अनुपम पहल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगरपालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट सहित विभागीय अधिकारी, पत्रकारगण एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के आगमन पर मंचीय पदाधिकारियों ने उनको पौधा देकर स्वागत किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित समुदाय का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पेंटिंग करने वाले बच्चों की कला को देखकर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को ऑटोग्राफ भी दिया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि आज मैं अपने प्यारे बच्चों से मिलने आया हूँ। आप सभी बच्चे ईश्वर की अनमोल धरोहर हो। आप लोगों में किसी विषयवस्तु को समझने की पूर्ण क्षमता है। आप किसी भी विषयवस्तु को इशारे व संकेतों के माध्यम से समझ लेते हैं, इस प्रकार की क्षमता अन्य किसी व्यक्तियों में नहीं होती है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि बच्चों आपकी दिव्यांगता को किसी भी प्रकार से विकास और उन्नति के लिए बाधक नहीं होने दिया जाएगा। आपके लिए हर अवसर प्रदान किए जाएंगे। जिससे आप लोगों को आगे बढ़ने का पूर्ण अवसर मिल सके। आयोजित कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## कलेक्टर ने फूलसागर में छात्र-छात्राओं से अध्यापन कार्य कराया



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा शनिवार को मंडला विकासखंड के ग्राम फूलसागर में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आयुष विभाग सहित अन्य विभागों को समन्वय बनाकर जन आरोग्यम शिविर का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शिविर में पहुंचे प्रत्येक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार करते हुए निःशुल्क दवाईयां वितरण करने को कहा। आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत के नागरिकों का पंजीयन कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा खून की जांच, टीबी की जांच, सिकलसेल की जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच और बच्चे का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जन आरोग्यम शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे ग्राम के सभी नागरिक इस शिविर का लाभ उठा सकें। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों को उनकी पात्रतानुसार आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने आयोजित जन आरोग्यम शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस शिविर में अधिक से अधिक नागरिक आकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य जांच का लाभ जरूर उठाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित जिला, जनपद एवं स्थानीय स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। जन आरोग्यम शिविर में विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। उन्होंने एकीकृत माध्यमिक शाला फूलसागर में छात्र-छात्राओं से अध्यापन कार्य कराया। छात्र-छात्राओं से सामान्य एवं विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए जिसका छात्र-छात्राओं के द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन कक्ष का निरीक्षण कर भोजन चखा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त भोजन देने के निर्देश दिए। भोजन कक्ष में साफ-सफाई रखने को कहा।

## क्रांति सूर्य शहीद बिरसा मुंडा जयंती सम्मान समारोह

विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम चिरी स्थित पुरखा भूमि चौरा पहाड़ में विकासखंड स्तरीय सम्मान समारोह का भव्यता से किया गया आयोजन। आयोजन समिति संयुक्त एसटीएससी ओबीसी मूलनिवासी मोर्चा तहसील शाखा नारायणगंज द्वारा बताया गया कि विगत वर्षो की भांति इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन यहां किया गया है जिसकी रूपरेखा सुबह 10:00 बजे पंजीयन पश्चात 11:00 बजे गोंगों दीप प्रज्वलन दोपहर 12 बजे से अतिथियों का हल्दी चावल से तिलक वंदन कर स्वागत किया गया पश्चात मंचीय अतिथियों द्वारा उद्बोधन की कड़ी में अपने-अपने विचार मंच के माध्यम से रखे गए। वही स्थानीय सांस्कृतिक मंचन टीमों द्वारा संस्कृति से जुड़े मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जनमानस का खूब मन मोहा। उद्बोधन की कड़ी में इंजी. भूपेन्द्र वरकड़े सदस्य जिला पंचायत द्वारा कहा गया कि क्रांति सूर्य धरती आबा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद बिरसा मुंडा जी की जयंती अवसर पर आज हम सब यहां इकट्ठे होकर याद कर रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा सर्वप्रथम मावा नाटे मावा राज (मेरे गांव में मेरा राज )का नारा दिया जल जंगल जमीन के मालिकाना हक के लिए अंग्रेजों से लोहा लेने वाले एक युवा जिन्होंने मात्र 25 वर्ष के जीवन काल में पूरी दुनिया में अपनी वीरता और साहस का परचम लहरा कर धरती आबा और क्रांति सूर्य कहलाए । और कोया समाज को जमीन का मूल मलिक बनाया वनों पर उन्हें अधिकार दिलाया आज हमारे पास जो भी है इन्हीं महा पुरुषों की शहादत और संघर्ष की देन है। उद्बोधन की कड़ी में अध्यक्ष जनपद पंचायत आसाराम भारतीया, ताहर सिंह मरावी, ताराचंद्र परते, धन्नूलाल मरावी,रेवत सिंह मरावी,सेवाराम पंद्रो, बबलू सोयाम,सोमवती धुर्वे,अखिलेश वरकड़े,रतन सिंह वरकड़े सहित सामाजिक विचारको ने समाज कल्याण के विषयों पर अपने विचार मंच के माध्यम से रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन जयदेव मार्को द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित रहे इमरत लाल धुर्वे,धन्नी परस्ते, बसंत वरकडे, विनय परते, खुमान सिंह मरावी, हरदयाल सिंह मरकाम,धनेश्वरी मसराम, दिलीप मरावी,यशवंत सोयाम,देवा मार्को, दीपक मरावी,रामप्रसाद मलगाम,सहित पुरखा भूमि सेवा समिति कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित क्षेत्रीय जन बड़े संख्या में उपस्थित रहे।



# पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का प्रदेश के शिक्षा मंत्री सहित प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

## महानगरों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता आज गाडरवारा में होने से दुनिया में इस नगर को हो रहा है नाम रोशन- प्रभारी मंत्र राजपूत

गाडरवारा









इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर के लिये बडे ही गौरव की बात है जिसके चलते नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें भारत वर्ष के कौने कौने से पधारे हुये खिलाड़ी इस नगर में पहुंचकर गाडरवारा को नाम रोशन करने से नही चूकेगे। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की विशेष मौजूदगी नगर के पुराने कालेज खेल रूद्र मैदान पर इस आयोजन का शुभारंभ ध्वज रोहण करने के साथ धूमधाम के साथ किया गया। इस मौके पर अन्य अतिथियों के रूप में क्षेत्र के सांसद चौ. दर्शन सिंह व गोटेगाँव विधायक महेन्द्र नागेश सहित जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थें। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन करते हुये माँ सरस्वती वंदना से की गई। वही अतिथियों द्वारा इसके उपरांत खेल प्रतियोगिता का ध्वज रोहण करते हुये राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गई। इस दौरान स्थानीय काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल व टीव्हीएन स्कूल के बच्चों ने भी ध्वज को बैंड दल ने सलामी दी। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भी मार्च पास्ट में शामिल होकर खेल ध्वज सलामी देते हुये देखे गये। वही इस पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैंने ऐसा बहुत कम देखा है, जब राष्ट्रीय स्तर के खेलों की प्रतियोगिता छोटी जगहों पर हो रही हो..। अक्सर यह प्रतियोगिता महानगरों में आयोजित होती रही है। नगर इस नगर के लिये गौरव की बात है कि नेशनल लेवल की प्रतियोगिता की यह ज़िम्मेदारी गाडरवारा शहर को मिली है। अब हमारा भी फ़र्ज़ है कि देशभर से आये खिलाड़ियों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन हमें करना है। यह भव्य कार्यक्रम परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के विशेष प्रयासों से हो पाया है। वही मंत्री राजपूत ने कहा कि आज क्रिकेट की पहचान पूरे विश्व में है। मगर हमारे पारंपरिक खेल कबड्डी की भी अपनी एक अलग ही पहचान है। आज भी हिंदुस्तान के गांव- गांव में कबड्डी खेली जाती हैं। यह खेल हमारी मिट्टी से जुड़ा है। हमने भी बचपन में इस खेल को खेला है। कबड्डी का खेल हमारे देश के गौरव से जुड़ा है और उसी का परिणाम है कि आज गाडरवारा में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होते हुये देखा जा रहा है। हमें अपने परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिये। वही कार्यक्रम के दौरान काबरा स्कूल के बच्चों ने यहां शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। उनकी इस प्रस्तुति में अनेकता में एकता का संगम आज देखने को मिला है। गाडरवारा में दीवाली के बाद फिर दीवाली जैसा उत्सव दिखाई दे रहा है। इस आयोजन की बेहतरीन तैयारी के लिए सभी को बधाई। प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा अतिथियों द्वारा गुब्बारे उड़ाकर की। वही स्वागत उदबोधन देते हुए क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गाडरवारा के लिए यह ऐतिहासिक पल है। किसी देश में जिस तरह ओलंपिक, एशियन गेम्स या अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयारी की जाती है। ठीक उसी तरह राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए भी तैयारियाँ करनी पड़ती है। जिसकी हमारे नगर के लोगों द्वारा करते हुये पूरे देश के लिये एक अनोखा संदेश दिया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होना हमारे ज़िले और नगर के लिये गौरव और गरिमा की बात है। गाडरवारा में आज देश के चारों ओर से खिलाड़ी आये हैं। इन खिलाड़ियों के आने से अतुल्य भारत की झलक देखने को मिल रही है। भारत की समूची संस्कृति आज गाडरवारा में दिखाई दे रही है। मंत्री सिंह ने कहा कि देश के विभिन्न प्रदेशों से आये इन खिलाड़ियों और उनके साथ आये कोच, मैनेजर आदि के लिए समुचित व्यवस्था, भोजन, शुद्ध पेयजल, आवास व सुरक्षा की व्यवस्था करना हमारी जिम्मेदारी है। क्योंकि आज यह हमारे मेहमान है। इन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जब ये खिलाड़ी प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद वापस अपने घर जायें तो बतायें कि गाडरवारा में उनकी हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। अन्य राज्यों को प्रतियोगिता आयोजित करने की तैयारियाँ गाडरवारा से लेनी चाहिए। इस आयोजन के लिए सभी सामाजिक, संगठनों, विभिन्न धर्मों के लोगों, समाजसेवियों और गाडरवारा के नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी है, इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उन्होंने कहा कि अभिभावक और शिक्षक अपने बच्चों और परिचितों को यहां लेकर आयें, जिससे वे यहाँ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकें और उनका खेल देखकर ख़ुद प्रोत्साहित हो सकें। इसी प्रकार से क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि पूरे भारत के दर्शन आज गाडरवारा की धरा पर हुए हैं। यहाँ राष्ट्रीय आयोजन का होना बड़ी बात है। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को लेकर आयें, उन्हें मैच दिखायें और उनका उत्साहवर्धन करें। कबड्डी का जन्म हमारे देश में हुआ है। इस खेल में पुनर्जन्म की परिकल्पना है। कार्यक्रम में पधारे हुये गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने सभी लोगों को इस राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता की बधाई देते हुये कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि देश की संस्कृति देखने को मिली है। देश के विभिन्न हिस्सों से आये राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जिले व गाडरवारा का नाम याद रखेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त प्रदेशों (इकाईयों) के कुल 34 टीमें और 770 खिलाड़ी बालक-बालिकायें शामिल हुई हैं। इसके अलावा ऑफीशियल्स भी भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षाओं के लिए परिषद, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नवोदय विद्यालय समिति, उड़ीसा, पुदुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, असम, सीबीएसई कल्याण खेल संगठन, सीबीएसई, दादर एवं नगर हवेली और दमन दीप, दिल्ली और गोवा की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारभ अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक नरेश पाठक व श्रीमती साधना स्थापक, जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, नरसिंहपुर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, हंसराज मालपानी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, नीरज दुबे, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, अनुज प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य डा. योगेश कौरव, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रयांक जैन, समाज सेवा शैलेन्द्र जैन, स्वाति अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटैल, पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा, ममता पांडे, राजेंद्र साहू, घनश्याम राजपूत के आलवा एजजीएफआई फील्ड ऑफिसर अजय सिंह चंदेल, सहायक कलेक्टर शुभम यादव, अंजलि शाह, पूजा सोनी, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, संयुक्त संचालक नितिन सक्सेना, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसील दार प्रयिका नेताम, डॉ प्राचीश जैन, डीपीसी आर पी चतुर्वेदी, सुनीता यादव, जे सी शर्मा व अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार, स्पोर्टस ऑफिसर्स, स्पोटर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि, खिलाड़ी, कोच, जनरल मैनेजर, समाज सेवी, वरिष्ठ नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। कबड्डी प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग में केरला ने त्रिपुरा को किया पराजित। कंट्रोल रूम सहायिका नोडल अधिकारी अमित पटेल ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खेले गए मैच की जानकारी देते हुए बताया कि बालक वर्ग में केरला व त्रिपुरा के मध्य खेले गये मैच में केरला ने 32 प्वाइंट से त्रिपुरा को हराकर जीत का आगाज किया। वहीं बालिका वर्ग में नवोदय विद्यालय समिति व केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड संगठन के मध्य खेले गये मैच में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड संगठन ने 7 प्वाइंट से जीत दर्ज की। इस दौरान भारतीय पुरूष कबड्डी टीम के पूर्व कोच और द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित बलवान सिंह ने नगर के रूद्र मैदान पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वही बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में झारखंड, केरला, उत्तरा खंड एवं तमिलनाडु और बालक वर्ग में जम्मू, हिमाचल, एनव्हीएस, सरस्वती पब्लिक स्कूल के मध्य कबड्डी मैच खेले जा रहे थें जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहे..? इस 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में 170 ऑफीसियल एवं बालक, बालिका वर्ग में देश भर से आये हुए 770 खिलाड़ी सहभागिता कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### नगर में पधारी हुई मेहमान टीमों का स्वागत करने के लिये महिला शक्ति द्वारा दिया जा रहा अनोखा संदेश



**गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब किसी के यहां कोई मेहमान आता है तो उसके स्वागत में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। इसी प्रकार से नगर में आयोजित हो रही राष्ट्रीय सतर के कबड्डी प्रतियोगिता में देश के कौने कौने से टीमे पधारी हुई है जो नगर के लिये वह मेहमान है। इस तरह आये हुये मेहमानों के स्वागत में नगर की महिला शक्ति जहां कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर जिन स्थलों पर यह टीमें रूकी हुई वहां पर इन महिलाओं द्वारा पहुंचकर बालिका खिलाड़ियों को जरूरी उपहार प्रदान करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि गौरव का विषय है की हमारे नगर ा में राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। हमारे नगर में सारे देश से टीमों का आगमन हुआ है। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय जैन एकता मंच की महिलाओं द्वारा आसाम , टीम केरल, टीम तमिलनाडु ,टीम सीबीएसई देहली, टीम तेलंगाना, टीम आंध्रप्रदेश की बच्चियों का उत्साह वर्धन करने पहुंची व सभी बच्चियों का तिलक लगाकर जरूरी सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य रूप से नगर की महिला शक्ति में श्रीमती सपना मोदी, श्रीमती वर्षा दूगड़ , श्रीमती रुचि दूगड़, श्रीमती शिवानी जैन, श्रीमती आरती जैन, श्रीमती स्मृति जैन मौजूद रही। वही जिलाध्यक्ष स्मृति जैन ने कहा कि सभी खिलाड़ी हमारे आने से बहुत खुश थी , हम सभी सामाजिक संगठनों से आग्रह करते है कि सभी सामाजिक संगठन अलग विद्यालयों में जाकर इसी तरह टीम का उत्साह वर्धन करे, जिससे वे हमारे नगर से अच्छी यादें लेकर जाये।

### केहर सिंह पटैल का निधन



**गाडरवारा।** अखिल भारतीय कौरव महासभा के संरक्षक और नगर के प्रतिष्ठित पटेल परिवार ग्राम खैरी निवासी केहर सिंह पटेल का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते निधन होने पर उनकी शव यात्रा में अनेक लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### शासकीय चिकित्सालय की बाउंड्री के पास शारबियों की जमघट से हो रही परेशानी

**गाडरवारा।** आये दिन स्थानीय पुलिस थाने में आयोजित होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी बड़ी बाते तो की जाती है? मगर यदि उन्हें सच्चाई में देखा जावे तो सिर्फ वह बाते उसी बैठक तक ही सीमित होती हुई नजर आती है? इस बात की सच्चाई वर्तमान में नगर में दिखाई दे रही है, लोगों का कहना है कि स्थानीय खेल ग्राउंड व स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के पास बनी नई बाउन्ड्री बाल के पास प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है,जिसके कारण इन स्थानों से निकलने वाले लोगों को जहा परिशानियों का सामना करना पड़ता है, वही यदि इस मार्ग से कोई भूलबस महिलाओं का निकलना होता है तो इन शराबियों की छीटाकशी के चलते उसे अपमानित तक होना पड़ता है? वही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री के पास लग रहे शराबियों के जामवड़ा से तो वहा निवास करने वाले लोगों को परेशानी उठाना ही पड़ रही है, तथा दूसरी ओर पास में बने बंजारी माता पर दर्शन करने जाने वाली माँ बहिनों को भी इनको मनचनों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमान का कड़वा घूट पीना पडं रहा है? जब भी बैठक का आयोजन होता है तो पुलिस अधिकारियों द्वारा शराबियों की मनमानी से निजात दिलाने के दाबे किये जाते है, मगर पुलिस बैठक के बाद उदासीन होकर मात्र तामशा देखते हुए नजर आती है? वर्तमान में इन शराबियों की हुड दग्ग लीला से शासकीय चिकित्सालय के पास निवास करने वाले लोगो परेशान हो रहे हैं।

### यातायात सुधार को लेकर चलाई जा रही मुहिम



**गाडरवारा।** जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका की अभिनव पहल नगर में सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान, अनियंत्रित वाहन पार्किंग वाले स्थानों पर लगाए जा रहे डेलीनेटर, भीडभाड वाले क्षेत्रों में बनाए जा रहे पुलिस चैक पोस्ट। इस पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा अभिनव पहल करते हुए मुख्य नगरीय एवं व्यस्तम क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में घटित होने वालें अपराधों पर अुकंश लगाया जा सके। इसी के चलते गाडरवारा के मुख्य नगरीय क्षेत्र जिन स्थानों पर अनियंत्रित वाहन पार्किंग की जाती है एवं आमजनों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पडता है उन स्थानों पर डेलीनेटर लगाए जा रहे ताकि उक्त स्थानों पर वाहनों, हाथ ठेला लगाने वाले द्वारा व्यवस्थित पार्किंग की जा सके। नगर के मुख्य चौराहे एवं स्थान जिन पर अत्याधिक यातायात रहता है एवं जाम की स्थिति निर्मित होती है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों पर पुलिस चैक पोस्ट लगाए जाकर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को तैनात किया जा रहा है ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके।

# नगर के गौरव को ग्रहण लगाते हुये नजर आ रही अधिकारियों के उदासीनता की यह तस्वीर....




**गाडरवारा।** नगर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिये गौरव का विषय है कि नगर में जिस तरह लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर संपूर्ण नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वही नगर की सड़कों पर भी रातों रात काम होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह शासन प्रशासन द्वारा निश्चित तौर से इस आयोजन की तैयारियों में करोड़ों रूपया खर्च किया जा रहा है। क्योंकि इस आयोजन में हमारे देश के लगभग हर प्रांत की टीमे भाग लेने के लिये गाडरवारा की धरा पर पधारी हुई है। वही दूसरी ओर नगरवासियों में भी इस आयोजन को लेकर इस बात का उत्साह देखने मिल रहा है कि हमारे नगर में जिस तरह देश के कौने कौने से आई हुई टीमें भाग ले रही है। इस स्थिति में निश्चित तौर से गाडरवारा शहर का नाम अब दुनियाँ के लोग जान जावेगे। इस बात का उत्साह नगर के हर व्यक्ति के अंदर देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर लोगों को इस बात की उम्मीद भी है कि लगातार पांच दिन तक चलने वाले इस आयोजन में जिस तरह देश के अलग अलग प्रांतों से जिन टीमों ने भाग लिया गया है तो उनके खिलाड़ी खाली समय में नगर का भ्रमण करने से भी नही चूकेगे। इसी सोच के चलते महिलाओं को अपने घर आंगनों की पुताई करते हुये भी देखा जा रहा है। क्योंकि यह खिलाड़ी जब अपने प्रांत को वापिस जावेगे तो उनके दिलों में नगर की सुन्दरता इस तरह का स्थान बना ले की वह नगर को सदा ही याद करे और जब कभी भी टी व्ही या फिर किसी समाचार चेनल तथा अखबारों में गाडरवारा का नाम सुने तो वह यह बात कहने से न चुके कि इस शहर में हम घूमकर आये है और यहां की सुन्दरता अनोखी है..? इसी सोच के चलते प्रशासन द्वारा भी नगर के खेल मैदान सहित रेल्वे स्टेशन से आयोजन स्थल तक पहुंचने वाले मार्गो को नई दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोडी गई हे..? मगर दूसरी ओर आयोजन स्थल से चंद कदम दूरी पर स्थिति नगर की धरोहर माने जाने वाले शासकीय टाऊन प्राथमिक शाला भवन तथा पानी टंकी की बदहाली को नजर अदांज किया गया है वह निश्चित तौर से नगर की गौरव शाली गाथा की सच्चाई पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? इस सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि जहां शिक्षा विभाग द्वारा खुद ही इस तरह का नगर में आयोजन कराते हुये सारी दुनिया के नक्शा पर हमारे नगर की एक अलग पहुंचान बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर खुद ही शिक्षा विभाग का यह भवन बदहाली का शिकार होने के साथ इसके छप्पर पर लटकती हुई पन्नी की तस्वीर अधिकारियों की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर की वर्षो पुरानी पानी टंकी की देखी जा रही है जो बगैर पुलाई के कई सालों से इस नगरवासियासें के कंठों की प्यास बुझाते हुये देखी जा रही है। इस नगर के इतिहास को समेटे हुये नगर की यह दोनों धरोहर राष्ट्रीय स्तर के आयोजन स्थल से चंद कदम दूर यानि की खेल मैदान से नजर आने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इनकी अनदेखी निश्चित तौर से देश के कौने कौने तक पहुंचने वाली नगर की गौरव गाथा पर ग्रहण लगाते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..? लोगों का कहना है कि आयोजन को लेकर जिस तरह शासन प्रशासन द्वारा करोड़ों रूपया खर्च करते हुये नया स्वरूप दिया गया है तो दूसरी ओर कम से कम बदहाली की शिकार हो रही इन धरोंहरों पर रंग रोगन की करा दिया गया होता जिसके चलते इस शिक्षा मंदिर व लोगों की प्यास बुझाने वाली इस टंकी की भी सूरत बदल गई होती..?

# शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा में आयोजित हुई जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

साईंखेड़ा



स्थानीय महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा के द्वारा आयोजित की गई। जिला स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता में विजेता स्वामी विवेकानंद शासकीय पीजी महाविद्यालय नरसिंहपुर रही और उपविजेता ठाकुर निरंजन दास शासकीय महाविद्यालय गोटेगांव रही। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि श्रीमती साधना स्थापक, मंडल अध्यक्ष श्री कीरथ सिंह पटेल तथा अन्य अतिथियों के रूप में श्रीमती ऋचा स्थापक, सुश्री अंजु शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती आरती राजपूत, श्रीमती वंदना राजपूत व जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश खेमरिया के आलवा प्रो अभिषेक ऐडे, डॉ संगीता यादव, श्रीमती शशिलता नीखरा, जय नारायण शर्मा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद गोरी शंकर खेमरिया, धर्मपाल सिंह तोमर डॉ महेंद्र बसेडिया, भगतदास महंत, सचिन अग्रवाल, मोहरकांत पटेल, सुनील राय दुर्गेश अवधिया दिग्विजय सिंह, रमाकांत शुक्ला, नितिन तिवारी, राजेन्द्र शर्मा, ओम प्रकाश कुशवाहा, राघवेन्द्र पटेल, मोहन शर्मा, मुकेश राजपूत, स्वप्निल राय, पूर्व वालीवाल खिलाड़ी सम्मान से सम्मानित राजाराम दुवे, मोती सिंह राजपूत, गजराज सिंह राजपूत, रसराज सिंह राजपूत, देवेन्द्र सिंह राजपूत, जीवन प्रसाद सोनी, जमना सिलावट, स्वप्निल सोनी, पवन राय युनुस खान, राम मोहन रघुवंशी क्रीड़ा अधिकारी डॉ कौशल कुमार मिश्र, सफल संचालन श्री प्रफुल्ल दीक्षित एवं डॉ हर्षित द्विवेदी व्यास नारायण मिश्रा ने किया। इस सफल आयोजन में विभिन्न महाविद्यालय से आए क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रहलाद पटेल, डॉ अर्पित सक्सेना, भानु प्रताप सिंह एवं साईंखेड़ा के समस्त स्टॉफ डॉ बी एन मिश्र, डॉ जे के सिंह, बालकृष्ण जाटव सी पी राठौर, पुष्पेन्द्र सर का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।









खबर संक्षेप

## केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों ने किया रक्तदान



**डिंडोरी।** शनिवार के दिन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक मे केंद्रीय विद्यालय के सूर्यप्रताप सिंह ( प्रवक्ता ), विकास मिश्रा ( कार्यनुभव शिक्षक ), दिनेश राम ( पुस्तकालयाध्क्ष) ने रक्तदान किया। प्रवक्ता सूर्यप्रताप सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि जिला चिकित्सालय मे आये दिन रक्त कि आवश्यकता पडती है, और फिर जिले मे सिकिल सेल के मरीज भी बहुतायत मे है तो उन्होंने अपने दोनों साथियों से मिलकर इस नेक कार्य से जुड़ने कि चर्चा कि और फिर जिला चिकित्सालय पहुँच रक्तदान किया। वहीँ रक्तदान करने वाले विकास मिश्रा और दिनेश राम ने बताया कि रक्तदान कर वह बेहद खुश है, और वह आगे भी समय - समय पर ऐसे ही रक्तदान करते रहेंगे। बता दें कि जिला अस्पताल मे ऐसे अनेको मरीज पहुँचते है जिन्हे रक्त कि आवश्यकता होने पर उन्हें अस्पताल के ब्लड बैंक से तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन अधिकांश मरीजों के साथ पहुंचे परिजन रक्तदान करने से मना कर देते है लिहाजा या तो देवदूत परिवार या अन्य रक्तदाताओं के माध्यम से ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। इस दरमियाँ देवदूत रक्तदान परिवार के अतुल जैन भी मौजूद थे, जिन्होंने बताया कि जिले मे आज भी रक्तदान को लेकर जागरूकता कैंप लगाए जाने कि आवश्यकता है, ताकि और भी लोग रक्तदान करने आगे आये।

## महाकौशल के नामी चिकित्सक डॉ. पंकज असाटी का आगमन

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा ।** जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल बरगांव प्रतिमाह अनुसार 17 नवंबर दिन रविवार को मासिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैद्य इस बार मासिक चिकित्सा शिविर में पेट से संबंधित बीमारी का इलाज महाकौशल के जाने-माने चिकित्सक डा. पंकज असाटी जबलपुर एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया जायेगाद्य जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल बरगांव शहपुरा जिला डिण्डौरी में आयोजित मासिक चिकित्सा शिविर में लीवर, किडनी, आदि के मरीज निःशुल्क परामर्श, जांच किया जायेगाद्य पेट से संबंधित बीमारी की जांच हेतु रविवार को 11 बजे जनजाति कल्याण केन्द्र महाकौशल बरगांव पहुंचकर अनुभवी चिकित्सक से इलाज करवा सकते हैं

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना की तिथियां निर्धारित

**उमरिया।** उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह , निकाह योजना के तहत तिथि निर्धारित की गई है । निर्धारित तिथि अनुसार जनपद पंचायत पाली, नगर पालिका परिषद पाली में 10 दिसंबर को, जनपद पंचायत करकेली, नगर पालिका परिषद उमरिया, नगर पालिका परिषद नौरोजाबाद, नगर पालिका परिषद चंदिया में 11 दिसंबर को तथा जनपद पंचायत मानपुर एवं नगर पालिका परिषद मानपुर में 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के सामूहिक सम्मेलन आयोजित किए गए है। समस्त निकाय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित तिथियों के अनुरूप 15 दिवस तक मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह हेतु आवेदन आनलाइन लिए जाकर प्राप्त आवेदनो का सत्यापन कार्य पूर्ण कर कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

## जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**उमरिया।** उप संचालक कृषि ने बताया कि उमरिया जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि होल सेलर में विपणन संघ डी एम ओ में यूरिया 1450.385 मीट्रिक टन, डी ए पी 349.85 मीट्रिक टन, पोटाश 48.85 मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 764.65 मीट्रिक टन, एन पी के 125.80 मिट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है।

### धान विक्रय करने वाले किसानों को न हो परेशानी

# किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए: अपर कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ उपार्जन 2024-25 में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला स्तरीय उपार्जन समिति के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्राप्त नीति में 31 केंद्र राज्य स्तर से स्वीकृत किये गए है , जिनमे से 20 धान उपार्जन केन्द्रों को पोर्टल पर स्थापित करने की कार्यवाही प्रचलन में है शेष सभी 11 केन्द्रों में अपात्र समितियों से उपार्जन नीति के तहत शतप्रतिशत राशि एवं शासन निर्देशानुसार 50ः राशि की एफ डी नागरिक आपूर्ति निगम , सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा जमा कराई जा रही है स बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह जी द्वारा कृषको के हित में उपार्जन के दौरान की जाने वाली सम्पूर्ण व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने एवं समय सीमा में उपार्जन नीति के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए गए है बैठक में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री रामबाबू देवांगन जी ने बताया है कि किसानो को उपार्जन केन्द्रों पर समस्त सुविधाए मुहैया कराइ जाए जैसे हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, एवं निर्बाध विद्युतध्जनरेटर सुविधाः॥. इलेक्ट्रानिक उपकरण कम्प्यूटर लेपटाप, प्रिन्टर, डॉगल, स्केनर, बैटरी, आदिय पप. जन-सुविधाएं यथा- प्रतीक्षा-कक्ष, दरी, टेबल, कुर्सी, पेयजल, शौचालय, छाया, बिजली आदिय पअ. उपार्जन उपकरण यथा- ।दंसवह डवपेजनतम डमजमत (केलिब्रेटेड), बड़ा छन्ना, पंखे, परखी आदिय अ. सूचना पटल- उपार्जन बैनर तथा सामान्य जानकारी थफ़ै उचसम, एफएक्यू गुणवत्ता के मापदंड, भुगतान एवं टोल-फ्री नम्बर का प्रदर्शनय अप सुरक्षात्मक सुविधाएं तिरपाल, कवर, ड्रेनेज व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, रेत. बाल्टियां, पितेज-पक इव आदिः तथा अप सम्बद्ध वे-ब्रिज एवं न्यूनतम 4 बड़े इलेक्ट्रानिक तौल कांटे। अपप. किसान की उपज की साफ-सफाई हेतु कस्टम हायरिंगध्आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से आवश्यक सफाई उपकरण की उपलब्धता। प. बायोमेट्रिक डिवाइस (विभाग द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार)। . उपार्जन



प्रभारी के डिजिटल हस्ताक्षर। प. हेल्पडेस्क, पप. प्रशासकीय हॉल, पपप. गुणवत्ता परीक्षण कक्ष एवं उपकरण, पअ. अनलोडिंग क्षेत्र, तौल मशीन एवं प्रमाणीकरण, अ. अस्थाई भंडारण व्यवस्था। उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए है

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने बताया है कि जारी उपार्जन नीति में संलग्न किये गए परिशिष्ट (अ) अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वन के लिए निर्धारितै व्च के बिंदु क्रमांक दृ 1 के उपबिंदु 1.1 अनुसार धान कामन का समर्थन मूल्य 2300ध- रूपये प्रतिक्विंटल निर्धारित किया गया है तथा किसानो की थफ गुणवत्ता उपज उक्तानुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जायेगी इसके साथ ही धान उपार्जन हेतु की जाने वाली गतिविधियों एवं उसका उत्तरदायित्व परिशिष्ट 1 अनुसार होगा , जारी नीति के अनुसार धान उपार्जन हेतु 02.12.2024 से 20.01.2025 तक समय सीमा निर्धारित की गई है जो उक्त अवधि में सोमवार से शुक्रवार प्रातरू 8 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक होगा , नीति के अनुसार शनिवार एवं रविवार दिवसों को खाद्यान्न का परिवहन , भण्डारण , लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कन्ध का अपग्रेडेशन ध वापसी होगी। जारी नीति के अनुसार म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन लिमिटेड धान उपार्जन कार्य के लिए नोडल एजेंसी शासन स्तर से नियुक्त की गई है ,अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामबाबू देवांगन डिंडोरी द्वारा निर्देश प्रदाय किये गए है कि जारी उपार्जन नीति में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उपस्थित समस्त संस्था के प्रबंधको को 50ः राशि के साथ समय पर राशि जमा करे अपात्र समितिया ऐसे निर्देश दिए गए है , साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को आगामी दिनों में प्रारम्भ हो रहे उपार्जन के पूर्व समस्त केन्द्रों में बारदाना , प्रचार सामग्री एवं परिवहन कार्य हेतु अनुबंधित परिवहनकरता के ट्रक वाहनों की सूचि चाहि गई है स इसके साथ ही पूर्व वर्षो में आई विसंगति के चलते इस वर्ष खाद्य, सहकारिता , राजस्व एवं कृषि विभाग के अमले को प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने सूची प्रदत के निर्देश भी दिए गए है। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अम्भोज श्रीवास्तव द्वारा वेयर हॉउस के जिला प्रबंधक होतीलाल मरावी को निर्देश दिए गए है कि इस वर्ष विगत वर्ष की अपेक्षा अधिक धान आना संभावित है अतः गोदामों में परिवहन उपरान्त लाइ जाने वाली धान को सुरक्षित भंडारित कराने संबंधी रणनीति तैयार रखे , इसके साथ ही नागरिक आपूर्ति निग्रम के उपस्थित कर्मचारियों को निर्देह दिए गए है कि बारदाना इत्यादि समय पर पूर्ति सुनिश्चित करे , इसके साथ ही प्रचार सामग्री जैसे फेल्क्स बैनर प्रत्येक केंद्र पर पहुचाकर अवगत कराये, बैठक में श्री श्रीवास्त० ने यह भी बताया है कि कार्यालय से जारी के अनुसार जिला स्तरीय उपार्जन समिति एवं अनुविभाग स्तरीय उपार्जन समिति खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य से लेकर धान का विक्रय करने वाले किसानो के भुगतान प्राप्त होने तक एवं शासन द्वारा प्रद्दत निर्देश के अनुपालन में कार्य करेगी। जिला स्तरीय तकनीकी सेल एवं कंट्रोल रूम के अधिकारी ध कर्मचारी धान का विक्रय करने वाले किसानो के भुगतान प्राप्त होने तक कार्य करेंगे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा निर्देश दिए गए है कि जारी उपार्जन नीति में वर्णित समय-सीमा परिशिष्ट (2) अनुसार निरीक्षक नापतौल विभाग डिंडोरी यह सुनिश्चित करे कि उपार्जन केन्द्र पर माईश्चर मीटर, तौल कांटों एवं अन्य उपकरणों का कैलिब्रेशन एवं प्रमाणीकरण का कार्य आगामी दो दिवस में पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में जिलास्तरीय उपार्जन समिति के समस्त सदस्यों की सहमति पर प्रथमतरू 20 धान उपार्जन केन्द्रों को बनाये जाने जा रहे है तथा जिले की भोगोलिक परिस्थिति एवं कृषक सुविधा को देखते हुए उनकी अनुशंसा से उपार्जन केन्द्रों की संख्या में वृद्धिध्कमी अथवा खरीदी हेतु चयनित स्थान के परिवर्तन की कार्यवाही भी की जा सकेगी। समितियों द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रद्दत होने वाले बारदानो में कम धान समा पाती है तथा शेष धान जमा करने का कोई विकल्प नहीं होता है जिससे अकारण समस्या आती है जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया है कि बारदाने जो उनकी संस्था को प्रदाय होंगे उसके पूर्व उसका सत्यापन कराया जाएगा , जिसमे खाद्य , सहकारिता , जिला सहकारी केंद्रीय बैंक , नाप तौल निरीक्षक एवं एक से दो समिति प्रबंधक मौजूद रहेंगे स

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग डिण्डौरी महोदय रामबाबू देवांगन, कृषि विभाग से उप संचालक अभिलाषा चैरसिया, जिला आपूर्ति अधिकारी अम्भोज श्रीवास्तव, सहकारिता विभाग से प्रभारी सहायक आयुक्त श्री उद्दे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से जे पी दिवेदी, वेयर हाउस से श्री होती लाल मरावी जिला प्रबंधक डच्र्स्ब्, खाद्य विभाग से आकाश तुरकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं अजय कुमार दुबे कम्प्यूटर आपरेटर जिला मुख्या. खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम से हेमराज पिपरहा एवं सुदर्शन दुर्वासा तथा समस्त गोदाम प्रभारी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा समस्त समिति प्रबंधकध् आपरेटर आदि सम्बंधित उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

एनवाईकेमाई युवा भारत के तहत आज यातायात थाना परिसर में एक एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में श्री आदित्य सिंह युवा अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके एवं यातायात का स्टाफ उपस्थित रहा। एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण करते हुए 3 वर्ष के बच्चे विवान दीवान के द्वारा अपनी मां के नाम पौधा रोपित किया। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने करोड़ों देशवासियों से आह्वान किया कि आई मां के नाम एक पेड़ लगाए इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सुधारना और धरती मां को हरियाली से सजाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों से आह्वान किया लिए पेड़ लगाए इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत भूमि पर पौधे का महत्व जिस तरह अलग-अलग अंचलों में विभिन्न बोली भाषाओं का चलन है उसी प्रकार यहां विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों भी पाए जाते हैं। एक पेड़ मां नाम अभियान के लिए वन विभाग सहित शासकीय शासकीय संस्थाएं और समितियां एनजीओ द्वारा पौधारोपण जोर-शोर से किया जा रहा है।

# भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

कलेक्टर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी रामबाबू देवांगन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय किसान संद्य की बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान संद्य द्वारा विभिन्न मुद्दो से संबंधित विभागों जैसे कृषि विभाग संबंधित मुद्दों पर किसान संघ द्वारा अवगत कराया गया मिनी किट मसूर वितरण में कितने किसानों को बांटी गई संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी के पास किसानो का कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, जिसमें उचित कार्रवाई किया जाए। डिण्डौरी जिले में धान उपार्जन प्रति हेक्टेयर 22 क्विंटल ली जाती है। उसे बढ़ाकर प्रति हेक्टेयर 40 क्विंटल किया जाये जबकि, हमारे यहाँ प्रति एकड़ 20 क्विंटल से अधिक उपज होता है। कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय डिण्डौरी में खोला जाये। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी डिंडोरी रामबाबू देवांगन द्वारा किसान संघ के सभा में उपस्थित पदाधिकारियों को सभी समस्याओं के निदान करने एवं उक्त व्यवस्थाओं को सुगमध्दुरुस्त और मुस्तेद करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियो को समय सीमा में नियम संगतध्विधिमान्य एवं किसान सुविधा को बेहतर बनाने कार्यवाही के निर्देश दिए है। किसान संघ के द्वारा विद्युत विभाग को बधाई देते हुए कहा है कि विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने पर जो मुस्तैदी की है तथा टारगेट के विरुद्ध जो ट्रांसफार्मर लगाए है। हम उनकी प्रशंसा करते है। किसान संघ के द्वारा प्रत्येक उपार्जन केंद्रों पर बहुउद्देशीय कृषि केंद्र की तर्ज पर केंद्र खोले जाने एवं वेयर हाउस निर्माण की संख्या बढ़ाने के सुझाव दिए है किसान संघ द्वारा बताया गया है कि कुछ ब्ब



केंद्र के द्वारा निर्धारित राशि से अधिक किसानों से राशि की मांग की जाती है। जिनके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने उन्हें ऐसे केंद्रों की जानकारी देने एवं तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए है। पशु चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक डॉक्टर्स विभिन्न चिकित्सा स्थानों पर रहे तथा मेहदवानी में स्थित पशु चिकित्सालय का आकस्मिक जांच कराई जाएगी। कृषि विभाग को निर्देश दिए जिस दिन ताम्० ग्रामों में जाए किसान सुलब्धता से संपर्क कर सके इस बाबत स्थानीय कोटवार से मुनादी कराई जाए तथा पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर किसान सुविधा को मुहैया कराया जाए किसान संघ की मांग पर प्रति हेक्टेयर रकबा 40 हेक्टेयर के संबंध में मांग पत्र भेजा जा रहा है। किसान संघ ने सुझाव दिया प्रचार प्रसार के संसाधनों को सोशल मीडिया से माध्यम से बढ़ाया जाए। किसान संघ ने बताया है जिले में बनाई जा रही नहरों में लग रहे सामग्री का गुणवत्ता युक्त हो इस ओर ध्यान दिया जाए। विकास खंड अमरपुर को लाखों नहर जो बंजर टोला में बनाई जा रही है उसे विशेष तौर पर देखा जाए। किसान संघ ने अपने सुझाव में बताया है कि बिलगढ़ा बांध क्षेत्र से संलग्न सभी ग्रामों में पानी नहीं जा रहा उसे देखा एवं दुरुस्त किया जाए। बैठक में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल साहू , तहसील अध्यक्ष खामोद चंदेल , जिला महामंत्री निर्मल साहू (अधिवक्ता), यतेन्द्र साहू तहसील मंत्री शहपुरा, टेकचंद साहू जिला युवा मंत्री , ब्रज बिहारी साहू, दिलीप बर्मन, रूपभान पाराशर, श्री खूबचंद साहू, संत कुमार झारिया, चिरोंजी लाल पटेल एवं अन्य समस्त जिला स्तरीय ब्लाक स्तरीय पदाधिकारी, कृषि विभाग सैं क० अहिरवार, सहकारिता विभाग से प्रभारी सहायक आयुक्त उद्दे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से जे पी दिवेदी, विघ्युत विभाग , एन देशमुखै क० जल संसाधन विभाग , चन्द्रपाल सिंह सैयाम उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग से आकाश तुरकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं अजय कुमार दुबे कम्प्यूटर आपरेटर खाद्य विभाग एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा समस्त समिति प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# कामतानाथ और गोवर्धन पर्वत की तरह है, मेकल की परिक्रमा का महत्व: दिलीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

पर्वतराज मेकल की 7 दिवसीय परिक्रमा के दूसरे दिन आज कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) दिलीप जायसवाल करंजिया विकासखंड के पकरिसोड़ा ग्राम में परिक्रमा में शामिल हुए।कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) दिलीप जायसवाल ने परिक्रमा में शामिल होते हुए माँ नर्मदा की आरती कर संतजनों से चर्चा की। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राचीन वेदों और पुराणों में पर्वतों की परिक्रमा करने का उल्लेख मिलता है। श्रीराम ने वनवास के दौरान कामदगिरी की परिक्रमा की, आज भी कामतानाथ की परिक्रमा की जाती है। उसी तरह गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा भी प्रसिद्ध है। कामतानाथ और गोवर्धन पर्वत की तरह मेकल की परिक्रमा का महत्व है, पुराणों के अनुसार मेकल की परिक्रमा करने का अर्थ है सृष्टि की परिक्रमा करना। मेकल की तराई में रहना सौभाग्य का विषय है, हमें इसकी महत्ता को समझ कर मिलकर इसका संरक्षण करना है। भूवैज्ञानिकों भी माँ नर्मदा की महत्ता



को बताते है,भूवैज्ञानिकों के अनुसार माँ नर्मदा,गंगाजी से भी प्राचीन है। माँ नर्मदा का उदगम पर्वतराज मेकल है, जोकी विंध्याचल और सतपुड़ा की करधनी माना जाता है। पुराणों के अनुसार कहा भी जाता है,कि अनंतकाल तक माँ नर्मदा इस धरती को पावन करती रहेंगी। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) जायसवाल ने परिक्रमावासियों से कहा कि परिक्रमा का उद्देश्य का सभी पड़ाव में ग्रामीणजनों को बताये, मेकल परिक्रमा आध्यात्म के साथ साथ समाज सुधार का भी माध्यम है। परिक्रमा हमें प्रकृति के प्रति हमारे दायित्वों का बोध कराती है, इसके माध्यम से हमें नदियों की शुद्धता,वनों की रक्षा करने का भी कार्य करना है। पीपल और बरगद जैसे पेड़ हमारे वायुमंडल को शुद्ध रखते है, पेड़ के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। मेकल पर्वत की परिक्रमा के माध्यम से हमें यह सन्देश जन जन तक पहुंचाना है। परिक्रमा समाज सुधार करने में भी योगदान देती है, हमें समाज से नशा अर्थात नाश का घर कों त्याग करने और शिक्षा के महत्व को प्रचारित करना है, आज का युग ज्ञान का युग है, ज्ञान और योग्यता से ही हम आगे बढ़कर समाज के लिए कार्य कर सकते है, इसलिए सभी बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित करें। ज्ञान और संस्कार के मेल से ही प्रगति होती है। मंत्री श्री जायसवाल ने आभार प्रकट करते हुए, मेकल परिक्रमा को शासन स्तर से सहयोग देने की बात कही।

'मेकल परिक्रमा'

मेकल परिक्रमा का शुभारम्भ कबीर चबूतरा से कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हुआ, 7 दिवसीय परिक्रमा यात्रा में 250 लोग पर्वतराज मेकल की पैदल परिक्रमा कर रहे है, जिसमें गुजरात, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र राज्यों से भी लोग शामिल हुए है। परिक्रमा अगले पड़ाव में डिंडोरी जिले से अनूपपुर होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचेगी।



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अनुष्का का चयन

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी की कक्षा 6 की छात्रा अनुष्का ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है जिसमें राज्यपाल द्वारा पुरस्कार स्वरूप 30000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र दिया गया, अनुष्का का चयन राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो दिल्ली में आयोजित होगी।

## राजस्व संबंधी प्रकरणों का किया जा रहा निराकरण

# राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस महाअभियान का उद्देश्य है कि राजस्व न्यायालयों- आरसीएमएस में लंबित प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती व सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करना नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, आधार का आरओआर में लिकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर, रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन करना है।

### विभिन्न गतिविधियां होंगी सम्पादित

नामांतरण समय सीमा बाह्य नामांतरण प्रकरणों विवादित- अविवादित का निराकरण सुनिश्चित करते हुए, नवीन दर्ज प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उत्तराधिकार नामांतरण के अंतर्गत ग्राम के पटवारी द्वारा बी- 1 का वाचन कराया जाकर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। तदनुसार प्रकरण दर्ज कर फौती नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी। बंटवारा समय सीमा बाह्य बंटवारा प्रकरणों का निराकरण करें और नवीन दर्ज प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये, ताकि भूमि की सीमा में उपलब्ध होने पर विवादों का निराकरण किया जा सके। अभिलेख दुरुस्ती 6 माह की अवधि से लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जाना सुनिश्चित करें।

### शाब्दिक सर्वेक्षण सुधार की होगी कार्यवाही

सीमांकन आरसीएमएस पर दर्ज लंबित प्रकरणों




का त्वरित निराकरण एवं नवीन प्रकरणों को दर्ज कर निराकृत करें। परंपरागत रास्तों का चिन्हांकनरू धारा 131 के तहत मान्यता प्राप्त सड़क, रास्ते, सार्वजनिक, भूमियों का चिन्हांकन किया जायेगा। इसके तहत रास्ता विवाद, जल निकासी विवाद आदि प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। नक्शे में बटांकन नक्शे में तरमीम के लिए खसरे में बंटाकन होना परंतु नक्शे में नहीं होना, खसरा नम्बर का एक से अधिक बार होना, नक्शे में बटांकन होना और खसरे में नहीं होगा, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना और शाब्दिक सर्वेक्षण सुधार की कार्यवाही की जायेगी। आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग भू-लेख पोर्टल पर आवेदक अपने खसरे को आधार से लिंक कर सकता है, जिसका सत्यापन पटवारी द्वारा किया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री का प्रबंधन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए जारी निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### 15 दिसंबर तक चलेगा अभियान

पीएम किसान सेचुरेशन पीएम किसान सेचुरेशन के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। स्वामित्व स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए 30 नवम्बर 2024 तक समस्त ग्रामों में ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य पूर्ण किया जाकर अद्यतन नक्शा सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त किया जाये। आरओआर एंट्री की कार्यवाही सतत रूप से की जाये, ताकि अद्यतन नक्शा प्राप्त कर 15 दिसम्बर 2024 तक यह कार्यवाही पूर्ण हो सके। इसके अलावा 30 नवम्बर 2024 तक अधिक से अधिक ग्रामों का अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही पूर्ण की जाये। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर, गोटेगांव, गाडरवारा व तेंदूखेड़ा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा व सांईखेड़ा को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा है। निर्धारित समय सारणी के अनुसार राजस्व महाअभियान सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### झांसीघाट में पूजन कर 131 परिक्रमावासी रवाना



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नर्मदा तट झांसीघाट से परिक्रमा वासी रवाना, झांसीघाट तट पर मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन किया जिसमें परिक्रमावासियो के पारिवारिक सदस्य एवं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश,पंकज चौकसे ने भेंट कर परिक्रमा वासियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी एव सभी को तिलक लगाकर माला पहनाकर विदा किया वही विधायक महेंद्र नागेश ने भक्तों को भजन मंडली सामग्री प्रदान की,जैसे कि हिंदू धर्म में परिक्रमा का काफी महत्व होता है. नर्मदा परिक्रमा एक धार्मिक होती है. पुराणों में कहा जाता है कि इस यात्रा से आपकी जिंदगी बदल जाती है. व्यक्ति के पापों का नाश हो जाता है, मोक्ष मिलता है.नर्मदा परिक्रमा का अर्थ है नर्मदा नदी की परिक्रमा करना। परंपरा के अनुसार यह चक्र हर साल चतुर्मास की समाप्ति यानी प्रबोधिनी एकादशी के बाद शुरू होता है।

### जिला स्तरीय वॉलीबाल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज़।** गोटेगांव- स्थानीय नगर में शासकीय ठा.निरंजन सिंह महाविद्यालय के तीन खिलाड़ीयो का चयन संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ,शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर वर्ष 2024–25 के निर्देश अनुसार जिला स्तरीय वॉलीबाल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा के शुभंकर खेल मैदान पर किया गया है, प्रतियोगिता में 5 महाविद्यालय की टीमों ने सहभागिता की जिसमे गोटेगांव कालेज ने तेंदूखेड़ा कालेज, एम आई एम टी नरसिंहपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई,प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पी जी कालेज नरसिंहपुर और शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव के बीच खेला गया जिसमें गोटेगांव कालेज उपविजेता रहा प्रतियोगिता उपरांत चयन ट्रायल का आयोजन किया गया जिसमे जिला स्तरीय वॉलीबाल दल का गठन किया गया, शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय के तीन खिलाड़ी दुर्गेश कहार, मोनू बेन, शिवा वंशकार का चयन किया गया यह दल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने मंडला जिला जायेगी। पहली बार एक साथ 3 वॉलीबाल खिलाड़ियों के चयनित होने पर जनभागीदारी अध्यक्ष विनोद तिवारी, संस्था प्राचार्य अन्नपूर्णा कोष्ठी,डॉ प्रहलाद पटेल क्रीड़ा अधिकारी, डॉ रुक्मणि अहिरवार, कोरी मैडम, एकता उपाध्याय, अभिषेक तिवारी, संदीप राजपूत,शेखर घोषी,अंचल सोनी,प्रियांश नामदेव,पुहुप,ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है।

## ससंघ संयमोत्सव पिच्छी परिवर्तन समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस कंदेली स्थित जैन मंदिर में विगत चार माह से चातुर्मास कर रही आर्यिका अनंतमति माता जी का ससंघ संयमोत्सव पिच्छी परिवर्तन समारोह सानंद संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में संयम के उपकरण पिच्छी को नगर भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पाठशाला के नन्हें मुन्नों बच्चों एवं बालिकाओं, नवयुवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नवयुवकों का परंपरागत अहीर नृत्य एवं बालिकाओं की भाव भंगिमा ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षण किया। इस दौरान नवीन संयमोपकरण पिच्छी ससंघ को समाज के सभी वर्गो एवं बाहर आये श्रावक व श्राविकाओं द्वारा क्रमशः ससंघ माताजियों को भेंट कर इस भाव सागर से पार होने की भावना भाई। धार्मिक समारोह में आर्यिका रत्न अनंतमति माता जी ने उपस्थित लोगों को अपने आर्शीवचन में कहा कि जब से संयय रूपी पिच्छीका पूज्य गुरू के आर्शीवाद से हाथ में आयी है तब से जीवन में चमत्कार ही चमत्कार हो रहे हैं। ऐसे गुरू जब कलम उठाते हैं तो मूकमाटी से महाकाव्य की रचना कर देते हैं। उनकी वाणी से हमेशा जियो ओर जीने दो का संदेश प्रवाहित होता है इनकी करूणा, करूणामयी मां से भी बढ कर होती हैं। हमें सारी दुनिया तब अच्छी लगती है जब मां की गोद में होते हैं इसी प्रकार धर्म की परिभाषा है कि पेड ओर लताओं की छांव में अपने को आवश्यकता अनुसार सुकून प्राप्त करते हैं। सिंहासन पर बैठकर जीतना आनंद नहीं आता है संयम उपकरण के साथ आसन पर बैठकर करूणा, वात्सल्य की धारा मन में जो प्रवाहित होती है जीवन धन्य हो जाता है सक्रिय सम्यक दर्शन से धर्म चल रहा है मन तो तभी दुखी होता है उदास होता है परंतु इस उदासी को दूर करने के लिये साहस की आवश्यकता होती है। गुरू वचन कभी अन्यथा नहीं होते,संयमोत्सव के बिना जीव कल्याण नहीं होता है। जब फुटकर की दूकान इतनी अच्छी चलती है तो होलसेल की दुकान भी उससे अच्छी चलती है अर्थात गुरू के शिष्य इतने योग्य है तो गुरू की महिमा अपंरपार है। पुरानी पिच्छिका को प्राप्त करने वालों की होड लगी थी परंतु उक्त पुराने संयम उपकरण को प्राप्त करने वालों का चयन संयम के व्रत पालने वालों के बीच किया गया। आर्यिका अनंत मति माता जी की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य सौरभ,लाली जैन,आर्यिका शुक्ल मति माता जी की पिच्छिका अमित, संजना, आर्यिका संवेगमति माता जी की पिच्छिका, संजय, रेखा जबलपुर, आर्यिका शोधमति माताजी की पिच्छिका विनोद, रंजना, रजनी, आर्यिका सुशील मति माता जी की पिच्छीका एड. अनिल, माया पाटन, आर्यिका सुशुद्ध मति माता जी की पिच्छिाका सुमित, आरती, आर्यिका उदार मति माता जी की पिच्छीका संतोष, सिंधु, आर्यिका संतुष्ठमति माता जी की पिच्छीका रजनीश लेब टेक्शियन जबलपुर को प्राप्त हुयी। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद, 5 घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र सुआतला के ग्राम जोतखेड़ा में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। शुक्रवार रात टेंट के पैसे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान लाठी और लोहे की रॉड से दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया। इसमें पांच लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल को जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना की शुरुआत तब हुई जब अरविंद, टेंट के लिए भुगतान मांगने घनश्याम राय के घर गया। शिकायत के मुताबिक, घनश्याम राय ने 7500 रुपये चुकाए, लेकिन इसके बाद रात लगभग साढ़े 8 बजे अरविंद अपने साथियों वीरेंद्र




पटेल, मनीष उदैनिया, सोनू ठाकुर, शैलेंद्र राय, अज्जू उर्फ अजय साहू, सोमनाथ ठाकुर और अजय विश्वकर्मा के साथ आया। लाठी-डंडों से घनश्याम और उनके बेटे राकेश पर हमला कर दिया। घायल घनश्याम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अरविंद और उसके साथियों ने धमकी दी कि रिपोर्ट करने पर जान से मार दिया जाएगा। वहीं, दूसरे पक्ष के अरविंद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि घनश्याम और राकेश के पास टेंट के 10,000 रुपए बकाया थे। जब उसने पैसे मांगे, तो उसके साथ गाली-गलौज की गई। उसने यह बात गांव के अन्य लोगों को बताई, लेकिन जब वह दोबारा पैसे मांगने गया, तो उसके साथ मारपीट की गई। दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर सुआतला पुलिस ने काउंटर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, दोनों पक्षों की स्थिति को देखते हुए गांव में माहौल तनाव की स्थिति है।

### अंतर कक्षा युवा उत्सव में प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार एम. आई. एम. टी. कालेज में अंतर कक्षा युवा उत्सव का आयोजन चेयरमेन इजी. रुद्रेश तिवारी के मुख्य अतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता एवं उपप्राचार्य डॉ. एस एन राव के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने युवा उत्सव की उपादेयता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत भाषण सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. दीपिका शर्मा द्वारा किया गया। युवा उत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर बौद्धिक-साहित्यिक, ललित कला, गायन - वादन, नृत्य एवं अभिनय की विधाओं मे चयनित प्रतिभागी जिला स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### प्रकाश पर्व पर निकली प्रभातफेरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस गुरु नानक देव जी के प्रकाश गुरु पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। प्रकाश पर्व पर अलसुबह कंदेली स्थित गुरुद्वारे से स्टेशन गंज गुरुद्वारा तक प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं स्टेशन गंज गुरुद्वारा में शबद कीर्तन, लंगर का आयोजन किया गया।

### जहरीली वस्तु के सेवन मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेश पिता गनेश प्रसाद पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी चरगुँआ थाना सुआतला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नंदवारा के पास हुई सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल पिता शिवराज भारिया उम्र 22 वर्ष निवासी पिपरहा थाना कोतवाली नंदवारा के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कौल का आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल रविवार 17 नवम्बर को नरसिंहपुर भ्रमण पर रहेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कौल रविवार 17 नवम्बर को प्रात 8 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे नरसिंहपुर आयेंगे। वे यहां जिला निर्वाचन अधिकारी से चर्चा करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3 बजे नरसिंहपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### तेंदूखेड़ा पुलिस ने स्मैकियों को भेजा जेल

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में संपूर्ण जिले में की जा रही अवैध मादक पदार्थों की बिक्री तथा नशे का सेवन करने वालों को पकड़कर आरोप सिद्ध होने पर जेल भेजा जा रहा है।इसी सिलसिले में एस डी ओ पी मधुर पटैरिया के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी ने टीम गठित कर चार आरोपियों को एन डी पी एस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अखिलेश कुशवाहा 38 साल निवासी वरकुंडा थाना तेंदूखेड़ा के कब्जे से 7 ग्राम 75 मिलीग्राम स्मैक पाउडर जप्त कर अपराध क्रमांक 452 /2024 धारा 8/ 21 बी एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है ।दूसरा आरोपी महेंद्र पिता प्रकाश बाल्मिकी निवासी तेंदूखेड़ा एवं जितेंद्र पटेल पिता रामसिंह पटेल निवासी तेंदूखेड़ा को अवैध मादक पदार्थ स्मैक का सेवन करते रंगे हाथों पकड़े जाने से मौके पर कार्यवाही उपरांत धारा 8/ 27 एन डी पी एस की कारवाई कर अपराध क्रमांक 456/2024 एवं 427/2024 पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह आरोपी शिवराज जाटव पिता मुन्नालाल जाटव निवासी तेंदूखेड़ा के कब्जे से 8 ग्राम 83 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमत 80000 रुपए का जप्त कर अपराध क्रमांक 455/2024 धारा 8/21बी एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर किया गया इन अपराधों के आरोपियों को माननीय एनडीपीएस न्यायालय नरसिंहपुर में पेश कर जिला जेल दाखिल किए गए हैं।

## एक माह बाद भी नहीं हो सकी बाबू की व्यवस्था

### बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में काम में हो रही परेशानी

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा में संचालित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ बाबू राजेश कुमार पटेल का असमय दुखद निधन हो जाने की स्थिति में यहां पर लिपिक का काम गड़बड़ा गया है। वहीं उनका हमेशा सहयोग करने वाले शिक्षक मोहन लाल पटेल अतिशेष की श्रेणी में आ जाने की स्थिति में उनका स्थानांतरण भी पास के ही एक गांव में हो गया है।जिस कारण से विद्यालय की लिपिकीय व्यवस्था गड़बड़ा गई है। यहां पर वैकल्पिक व्यवस्था के रुप में भी कोई दक्ष शिक्षक भी नहीं है। वेतन बिलों से लेकर अन्य विभागीय गतिविधियां भी समय से नहीं हो पा रही है। आवश्यक है कि यहां पर शीघ्र ही यहां पर एक दक्ष लिपिक की व्यवस्था की जाये।या फिर अतिशेष में स्थानांतरित हुये शिक्षक को पुनः तेंदूखेड़ा में वापस लौटा दिया जाये जिससे विभागीय गतिविधियां संचालित हो सकें। एक माह बाद भी यहां पर कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण परेशानी हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों तक विद्यालय प्रबंधन आवेदन दे चुके हैं लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। जबकि सोचनीय विषय तो यह देखने में आया है कि यहां पर एक प्यून को स्थानांतरित कर बालक उच्चतर विद्यालय में भेजा गया था लेकिन उसका अचैटमेंट कर वापस सतधारा मिडिल स्कूल में भेज दिया गया है और वेतन तेंदूखेड़ा बालक विद्यालय से निकल रहा है। यहां पर प्यून की महती आवश्यकता है एक मात्र महिला प्यून ही यहां पर अपनी सेवाएं देती हुईं देखी सुनी जाती है।

## अत्यधिक केमिकलों के प्रयोग से क्षीण हो रही जमीनी उर्वरा शक्ति

**तेंदूखेड़ा।** मंहगाई के इस दौर में खेती को लाभ का धंधा बनाने की चाहत और फिर लागत मूल्य निकालनें के चक्कर में खेतों में डलने वाले जहरीले कीटनाशकों की वजह से ना केवल जमीन की उर्वरक क्षमता बुरी तरह से प्रभावित हो रही है वहीं मानव शरीर पर भी इसके गहरे प्रभाव पड़ रहें हैं।इस व्यवस्था में यदि किसानों ने बदलाव नहीं किया तो आने वाले समय में इसके दुष्प्रभाव से खतरे ही खतरे हैं।

**जमीन में हो रही पोषक तत्वों की कमी**

जमीन के पोषक तत्वों में लगातार हो रही कमी इसके ज्वलंत उदाहरण है और मानव जीवन में विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियां प्रमाण है। पहले कभी जमीन को वर्ष में एक या दो बार ही जमीन को जोता जाता था लेकिन अब वर्ष में तीन बार जमीन जोतने के चक्कर और अधिक उत्पादन को लेकर मूंग जैसी फसल में तीन से पांच स्प्रे से जिस तरह से जहर के बीच फसलों का उत्पादन हो रहा है यह विषय तत्काल के लाभ की दृष्टि से तो ठीक है लेकिन इसके दूरगामी परिणाम और मानव सेहत पर गंभीर परिणाम निकलकर सामने आ रहे हैं।कैंसर और साइलेंट अटैक जैसे अनेक उदाहरण सामने है।इस विषय को लेकर हमारे प्रतिनिधि को जानकारों ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी है।

**नैनो टेक्नोलॉजी अच्छा माध्यम**

रासायनिक कीटनाशकों खाद्यों के उपयोग को कम करने की दिशा में प्रचार प्रसार कृषि विभाग की तरफ से चल रहा है। इसके ही एक नैनों टेक्नोलॉजी आई है नेनो फास्फोरस और डी ए पी जो जमीन की बजाय केवल पौधे पर ही अपना प्रभाव छोड़ती है। आने वाले समय में मानव जीवन को अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती पर अधिक ध्यान देना होगा। इसके लिए भी कुल जमीन का दस प्रतिशत भाग में केवल जैविक



और प्राकृतिक खेती करने के लिए जोर दिया जा रहा है जब इसके उत्कृष्ट परिणाम सामने निकलकर सामने आयेंगे तो कृषक स्वयं यह खेती करने लगेगा। इसका भविष्य भी बहुत सुंदर है।हम देख रहे हैं कि जो सब्जियां केवल वर्ष में एक बार ही अपने अनुकूल सीजन पर आया करतीं थीं अब वह वर्ष भर हमें देखने को मिल रही है केमिकल और हाईब्रिड बीज ही है।स्प्रै कीटनाशकों का छिड़काव ही है। कृषकों को अब नाडेप केंचुआ खाद देशी गोबर गौ मूत्र खाद प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना पड़ेगा।जब तक कृषक स्वयं जागृत नहीं होगा तब तक कुछ संभव नहीं है। विकास खंड के अंतर्गत 2600 से अधिक मृदा सेंपिल लिए गये जिसमें आर्गेनिक कार्बन की कमी सूक्ष्म तत्वों की कमी बनाने सल्फर जिंकों की पूर्ति के लिए प्रयास बताये जा रहे हैं।

**मृदा परीक्षण केंद्र प्रारंभ हो**

कृषि उपज मंडी परिसर में मृदा परीक्षण केंद्र तो लगभग दो दशक पूर्व यहां पर मृदा परीक्षण केंद्र खोला गया गया था लेकिन आज तक शुरू नहीं हो सका। चूंकि प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी की जांच पड़ताल हेतु तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा यह केंद्र खुलवाये गये थे जिनका संचालन भी केंद्र से ही होना था लेकिन आज तक वह मूर्त रुप नहीं ले सका है। क्षेत्र के कृषकों विकास खंड क्षेत्र में ही मिट्टी परीक्षण की व्यवस्था हो।

## गोटेगांव क्षेत्र में वृक्ष कटेगा तो मुनाफा सब में बटेगा,यह डायलॉग नहीं हकीकत है

**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सरेआम हरे भरे पेड़ों का कत्लेआम जारी,, विभागीय अधिकारी बने मूकदर्शक, वहीं सूत्रों के अनुसार जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ अधिकारी लकड़ी माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय लकड़ी माफिया से मिलकर खुद मोटा कमीशन छाप रहे हैं।ग्रामों के जंगलों में वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से जंगलों को साफ किए जा रहे हैं सिर्फ ठूंठ ही देखने को मिल रही है हमारे संवाददाता ने जब क्षेत्र का भ्रमण किया तो ये चौंकाने वाले तथ्य सामने आने लगे।वाकई सरकार के वन मंडल के कर्तव्यनिष्ठ मंत्री और अधिकारी क्या लकड़ी माफियों और कर्तव्य पर कार्य कर रहे वन अमले को इसकी परमीशन दे रहे हैं या उनकी मिली भगत से जंगलों का सफाया किया जा रहा है बड़ी ही बेरहमी से जंगल कट रहे हैं और और हाइड्रा भी भर भर के जा रहे हैं लेकिन इस ओर किसी की नजर नहीं पहुंचना और कोई कार्यवाही न होना संबंधित विभाग की उदासीनता का घोतक हैं।और अगर कार्यवाही की भी जाती है ले देकर तो एक को छोड़ दिया दूसरे पर कार्यवाही कर दी।इस तरह की लकड़ी का कटवाना गोटेगांव सहित समूची बीट में चर्चा का विषय बनता जा रहा है मगर अधिकारी मौज कर रहे है,गोटेगांव वन विभाग परिक्षेत्र में स्थाई अधिकारी की तैनाती नहीं होने से यहां का क्षेत्र ज्यादातर प्रभारी के भरोसे रहता है कुछ माह पूर्व एक अधिकारी आए थे परंतु कुछ दिनों बाद वह भी ट्रेनिंग पर चले गए अभी वन विभाग परिक्षेत्र में कोई जिम्मेदारी अधिकारी उपस्थित नहीं है।



### मिलीभगत से चल रहा कमीशन का खेल

नाम ना छापने की शर्त पर सूत्र ने बताया कि अधिकारी एक लागनर ट्रक जो लड़की से भरा रहता है उस की रवानगी के बदले 20 हजार रूपए तक कमीशन वसूल रहे हैं,तो कभी कभी 14,15 हजार रुपए कमीशन लेकर भी गाड़ियों को रफू चक्कर करवा देते हैं। इन अधिकारियों द्वारा लकड़ी माफियाओं को सिर्फ कार्यवाही का डर दिखाया जाता है,असल में कार्यवाही नहीं की जाती, कभी-कभार खाना पूर्ति के लिए साल में एकाध बार छापा मारकर वाहावाही लूट ली जाती है,विदित हो कुछ माह पहले वन विभाग के रेंजर और डिप्टी रेंजर को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ने पकड़ा था जो काफी चर्चा का विषय बना था,स्मरण हो कि सरकार प्रति वर्ष वन के संरक्षण के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर वृक्षारोपण किया जाता है अब प्रश्न यह उठता है कि वही वृक्ष जब बड़े वृक्ष का रूप ले लेते हैं,तो इन लकड़ी चोरों की गिद्ध नजर उस वृक्ष के ऊपर लगी रहती है,जैसे लगता है वृक्षारोपण इन्हीं लकड़ी चोरों के मुनाफे के लिए किया जाता हो? फिलहाल लकड़ी चोरों के हौसले बुलंद हैं।

गोटेगांव क्षेत्र में बड़ी मात्रा में खेत,वन पर लगे पेड़ हो या सड़कों के किनारे लगे हुए हो,पेड़ चाहे टेढ़ा हो पतला,छोटा हो उससे लकड़ी माफियाओं को कोई फर्क नहीं पड़ता लकड़ी माफिया को दिखता है सिर्फ मोटा मुनाफा

### बरसों के लगे पेड़ को मिनटों में कर देते हैं ढेर

अत्याधुनिक मशीनों से पेड़ को काटकर पल भर में ढेर कर देते है, इसके बाद भी लकड़ी माफियाओं में कार्यवाही का भय नहीं रहता, जिसके कारण कहीं ना कहीं आमजन में अधिकारियों की मिली भगत की चर्चा जोर-जोर से हो रही है,जहां ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन देखा जा रहा है रात हो या दिन लागनर ट्रकों को हाइड्रा मशीन की सहायता हरे भरे पेड़ों को काटकर भरा जाता है और बड़े महानगर में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है जिसकी चर्चा आमजन में बनी हुई है, परंतु सबसे बड़ी अचरज की बात यह है, कि यह सब अवैध कार्य बिना अधिकारियों की मिली भगत के संभव हो नहीं सकता,एक पुरानी कहावत है ऊंट की चोरी झुक झुक कर नहीं होती,शासन प्रशासन ध्यान दें।